# इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम–मिनी रत्न)

IRCTC

**INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LTD.**
**(A Govt. of India Enterprise-Mini Ratna)**
**CIN: L74899DL1999GOI101707**
**Website: www.irctc.com, Email: info@irctc.com**


# प्रेस विज्ञप्ति

## आईआरसीटीसी के अुनसार भारत में पर्यटन उद्योग पुनःविकास के पथ पर अग्रसर है।
## कोविड अवधि के बाद आईआरसीटीसी के पर्यटन पैकेजों का जनता द्वारा उत्साहवर्धक स्वागत हो रहा है।

नई दिल्ली 28.01.2021 कोविड–19 से पहले, अन्तर्देशीय (इनबाउंड/आउटबाउंड) और घरेलू पर्यटन की वृद्धि अपने चरम पर थी और पर्यटन उद्योग महत्वपूर्ण वृद्धि दिखा रहा था। दिसंबर 2019 में कोविड–19 वायरस का पता चलने के उपरांत फरवरी 2020 में, दुनिया भर ने कोविड–19 के प्रभाव को देखा, जो चीन से उभरकर कुछ ही समय में वैश्विक स्तर पर फैल गया था और वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन ने इसे एक वैश्विक महामारी का दर्जा दिया वायरस के प्रसार को रोकने के लिए, अधिकांश देशों ने अपने–अपने देशों में लॉकडाउन लगा दिया। भारत में भी 24 मार्च से 7 अप्रैल 2020 तक पूर्ण लॉकडाउन लगाया गया जहां हर प्रकार की आवाजाही पर भी प्रतिबंधित लगा दिया गया और इसे चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया गया।

लॉकडाउन के कारण सभी व्यावसायिक गतिविधियाँ रुक गई थीं और पर्यटन उद्योग भी इसका अपवाद नहीं रहा। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी अगर ये कहा जाए कि पर्यटन उद्योग ने कई दशकों में ऐसी मार नहीं झेली होगी। कोविड–19 के प्रभाव के कारण पर्यटन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ, जहां सभी होटल खानपान इकाइयां, ट्रांसपोर्टरों, एयरलाइनों को लॉकडाउन के दौरान बंद कर दिया गया और बहुत से लोग जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पर्यटन उद्योग में लगे हुए थे, उनके रोजगार तक बात पहुंच गई। पोस्ट लॉकडाउन पर्यटन उद्योग अभी भी पुनःविकास के लिए प्रयासरत हैं।

इस सबसे कठिन परिदृश्य में जहां यात्रा एवं पर्यटन कंपनियां अपने अस्तित्व को अक्षुण्ण रखने के लिए प्रयासरत हैं। आईआरसीटीसी ने पर्यटकों की गाड़ियों के साथ–साथ पूरे भारत में अपने कार्यालयों से रेल एवं वायु संसाधन द्वारा चंडीगढ़, लखनऊ, वाराणसी, चेन्नई, बंगलुरु, अहमदाबाद, हैदराबाद, चेन्नई, कोचीन, नई दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, भोपाल, गुवाहाटी आदि में विभिन्न घरेलू टूर पैकेज भी शुरू किए हैं और यात्रा के दौरान संरक्षित और स्वस्थ यात्रा प्रदान करने हेतु सभी आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के उपायों पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

आईआरसीटीसी को जनता और बड़ी संख्या में टूर पैकेज बुक कराने आ रहे लोगों की उत्साहवर्धक प्रतिक्रिया मिल रही है। आईआरसीटीसी में केरल, गोवा, कश्मीर, अंडमान, गुजरात में कच्छ के रण और उत्तर पूर्व क्षेत्र के लिए विभिन्न शहरों से फरवरी और मार्च महीने में प्रारंभ किए गए एयर टूर पैकेज पूरी तरह से आरक्षित किए जा चुके हैं और अतिरिक्त टूर पैकेज भी प्रारंभ किए जा रहे हैं। वाराणसी से ज्योतिर्लिंग यात्रा के लिए भारत दर्शन पर्यटन गाड़ी की 10 जनवरी को 600 पर्यटकों के साथ यात्रा प्रारंभ हुई। रक्सौल, बिहार से अन्य गाड़ी 31 जनवरी के लिए 500 से अधिक सीटों के साथ दक्षिण भारत के लिए आरक्षित की गई। 27 जनवरी को जालंधर से ज्योतिर्लिंग पर्यटन तीर्थयात्री विशेष गाड़ी 550 से अधिक यात्रियों द्वारा आरक्षित की गई। आईआरसीटीसी द्वारा नियोजित भारत के पूर्व, दक्षिण और पश्चिमी भाग के अन्य पर्यटन पैकेज में भी जनता अपनी अभिरूची प्रदर्शित कर रही है।

उपरोक्त पैकेजों के साथ–साथ आईआरसीटीसी ने दो और भी टूरों **''ज्योतिर्लिंग और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी''** और **''पधारो राजस्थान''** के लिए एक डीलक्स एसी टूरिस्ट गाड़ी चलाने का निर्णय लिया है। इस नई डीलक्स टूरिस्ट गाड़ी में दो बढ़िया भोजनयान, एक आधुनिक रसोईघर, कोच के स्नानागार में शॉवर क्यूबिकल, सेंसर आधारित वॉशरूम फंक्शन, पैरों के मसाज हेतु कई शानदार सुविधाएँ हैं। पूरी तरह से वातानुकूलित गाड़ी दो प्रकार की श्रेणीयां प्रदान करती है। पहला प्रथम श्रेणी वातानुकूलित और दूसरा द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित गाड़ी। गाड़ी में सीसीटीवी कैमरों के जरिए सुरक्षा सुविधाओं को बढ़ाया गया

है। आईआरसीटीसी के लिए यात्रियों की सुरक्षा सर्वप्रथम है, अतः इस गाड़ी में निजी सुरक्षा गार्ड भी तैनात किए गए हैं।

**''ज्योतिर्लिंग और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी''** चंडीगढ़ से दिनांक **03.02.2021** को शुरू होगी और दो प्रमुख **ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर (उज्जैन) और ओंकारेश्वर** मंदिरों के साथ–साथ गुजरात राज्य में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा **''स्टैच्यू ऑफ यूनिटी''** को शामिल करेगी। पर्यटकों को गाड़ी में चढ़ने के लिए दिल्ली, सफदरजंग, आगरा और ग्वालियर में तीन बोर्डिंग पड़ाव उपलब्ध कराए जाएंगे।

दूसरा टूर **''पधारो राजस्थान''** दिनांक 12.02.2021 को दिल्ली सफदरजंग से चलेगा, जो राजस्थान राज्य के प्रमुख विरासत पर्यटन स्थलों के दर्शन कराएगा। इस 04 रात और 05 दिन के टूर में राजस्थान के दो महत्वपूर्ण स्थानों अर्थात् **जैसलमेर और जोधपुर** शामिल है और जैसलमेर में ग्रेट थार रेगिस्तान, किले, जैन मंदिर और हवेलियों और राजपूत विरासत का भ्रमण करेंगे जो जोधपुर में राजपूत शासकों की किलेबंदी और शाही निवासों द्वारा स्पष्ट है।

यह विदित हो कि वर्तमान में विश्व में कोविड महामारी के कारण पर्यटन उद्योग बहुत प्रभावित हुआ है एवं पर्यटन जो कि अपने आप में मानव जाति के लिए ज्ञानवर्धक एवं उत्साहवर्धक गतिविधि भी रही है। आइ.आर.सी.टी.सी. भारत सरकार एवं भारतीय रेलवे के तत्वावधान में पर्यटन उद्योग की एक अग्रणी संस्था बन कर उभरी है अतः आइ.आर.सी.टी.सी. देश एवं समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को समझतें हुए घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार की पहल **''देखो अपना देश''** के अनुरूप, आईआरसीटीसी ने बहुत ही प्रतिस्पर्धी लागत पर इन टूर पैकेजों को शुरू करने की योजना बनाई है जो **''ज्योतिर्लिंग एवं स्टेच्यू ऑफ यूनिटी''** रू. 26,790/– प्रति व्यक्ति और **"पधारो राजस्थान"** टूर के लिए रू. 22,830/– प्रति व्यक्ति होगी। सरकार एवं पीएसयू के कर्मचारी, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार पात्रता के आधार पर इस दौरे की एलटीसी सुविधा का भी लाभ उठा सकते हैं।

पैकेज की लागत संबंधित श्रेणियों में गाड़ी यात्रा, सभी ऑनबोर्ड एंड ऑफ बोर्ड भोजन, होटल में ठहरना यात्रा कार्यक्रम में शामिल है, यात्रियों के लिए अंग्रेजी बोलने वाले टूर एस्कॉर्ट्स को भी शामिल किया गया है। उक्त सुविधाओं के साथ, ''यात्री सुरक्षा सर्वोपरि'' के मद्देनजर यात्रा और यात्रियों के लिए यात्रा बीमा भी शामिल हैं।

अधिक जानकारी के लिए कोई भी आईआरसीटीसी की वेबसाइट **https://www.irctctourism.com** पर जा सकता हैः और बुकिंग **''पहले आओ पहले पाओ''** के आधार पर उपलब्ध हैं और आईआरसीटीसी पर्यटन पोर्टल पर ऑनलाइन आरक्षित किया जा सकता है। अधिक जानकारी एवं सुविधाओं का लाभ उठाने हेतु मोबाइल नंबर 8287930157, 8287930299 और 8287930202 पर संपर्क स्थापित कर सकते हैं।